स्लीपर बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत में चार की मौत, 28 यात्री घायल

छह की हालत गंभीर, हादसा जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर फतेहपुर के पास हुआ

- बस में सवार 50 यात्री वलसाड (गुजरात) के रहने वाले हैं, ये सभी वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे थे और खाटूश्यामजी जा रहे थे
- बस के केबिन और उसके पीछे बैठे पैसेंजर्स सबसे ज्यादा घायल हुए, घायलों के शरीर में कांच-मेटल के टुकड़े घुस गए

सीकर, (निसं)। सीकर में स्लीपर बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल बस कंडक्टर ने बुधवार सुबह जयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 28 लोग घायल हो गया, इनमें 6 की हालत अब भी गंभीर है। हादसा जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात 10:40 बजे फतेहपुर के पास हुआ। बस में सवार सभी यात्री वलसाड (गुजरात) के रहने वाले हैं। ये सभी वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे थे और खाटूश्यामजी जा रहे थे। बस में करीब 50 लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार स्लीपर बस बीकानेर की ओर से जयपुर जा रही थी। वहीं, ट्रक झुंझुनूं से बीकानेर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ट्रक आगे से बस में घुस गया। इससे जोरदार धमाका हुआ। बस के केबिन और उसके पीछे बैठे पैसेंजर्स सबसे ज्यादा घायल हुए हैं। घायलों की शरीर में कांच-मेटल के टुकड़े घुस गए।

बस ड्राइवर समेत चार की मौत :-हादसे में बस यात्री मयंक और ड्राइवर कमलेश की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नहीं हुई है। वहीं, कंडक्टर मितेश को सीकर के एसके हॉस्पिटल से गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया था, जिसकी बुधवार सुबह मौत हो गई।

15 घायल सीकर रेफर हुए थे :-हादसे में ज्यादा घायल अनंत, तुषार पुत्र अर्जुन, राजेश पुत्र ओमप्रकाश, प्रवीण पुत्र बाबू भाई, रंजना पत्नी सुरेश भाई, मुक्ता बेन पुत्री शैतान सिंह, आशीष पुत्र रामलाल है। साथ ही निलेश पुत्र अमित, सुहानी पुत्री अमित, कर्मल बेन, जमवंत पुत्र उदाराम, सुदा बेन पुत्री उत्तम, अर्जुन पुत्र उकल भाई, अमित पुत्र रमन लाल, शीला बेन पत्नी महेश भाई को भी सीकर रेफर किया गया था।

13 घायल फतेहपुर में एडमिट :-एक्सीडेंट में 13 लोगों को हल्की चोट आई है। इनमें महेश भाई, गंगा बेन पत्नी गोविंद भाई, कंचन, साकेत पाल, लादू पुत्र विष्णु, रमीला, रंजीत, अर्जुन, संगीता, परितेश, अतुल, इंदू बेन पत्नी जीवन भाई और एक अन्य हैं।

एंबुलेंस ड्राइवर भीम सिंह ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे एक्सीडेंट की जानकारी मिली थी। मौके पर लोग चिल्ला रहे थे। मैंने तुरंत अपने आसपास के क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा को मदद के लिए कॉल की। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को निकालकर फतेहपुर सरकारी हॉस्पिटल लेकर आए।

बूंदी : ओवरटेक के चक्कर में रोडवेज बस ट्रक से टकराई, आधा दर्जन यात्री घायल

- सामने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई, उसे बचाने के चक्कर में बस ट्रक से टकरा गई
- ग्रामीणों का कहना है कि बस को जो चालक चला रहा था वह बस चालक नहीं था, वह संविदा पर लगा हुआ है

बूंदी, (निसं)। बुधवार को लाखेरी से बूंदी आ रही रोडवेज बस रायथल थाना क्षेत्र में खटकड़ के पास एक ट्रक से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हो गये।

रोडवेज बस में सवार लोगो का कहना है कि चालक द्वारा ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया जा रहा था। ट्रक बस के आगे चल रहा था जब ड्राइवर ओवरटेक करने लगा तो सामने से एक ट्रैक्टर ट्राली आ गई, उसे बचाने के चक्कर में बस ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में आधा दर्जन सवारियां घायल हुई।

सड़क हादसे की सूचना मिलने पर रायथल थाना अधिकारी हरलाल मीणा मौके पर पहुंचे और घायलो को खटकड चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बस को जो चालक चला रहा था वह बस चालक नहीं था, वह संविदा पर लगा हुआ है। घटना के बाद बस चालक भी मौके पर पहुंच गया और अपने आप को ऐसे जताने लगा कि वह स्वयं बस चल रहा था। वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो वह वहां से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।

सड़क हादसे में युवक की मौत

- हाइवे पर कार और बाइक में भीषण टक्कर हो गई थी, एक युवक घायल

उदयपुर, (कासं)। जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र हाइवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय ऋषभदेव थाना क्षेत्र उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पीपपली गांव हाईवे पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बनोता फला खुणादरी वरदा डूंगरपुर निवासी ईश्वर (24) पुत्र रमण मीणा तथा दिलिप (23) पुत्र शंकर गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एमबी चकित्सालय पहुंचाया जहां ईश्वर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल हंसराज ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। दोनों बाइक पर ऋषभदेव से घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते में कार ने उन्हें चपेट में ले लिया था।

ट्रांसपोर्ट ऑफिस ब्रांच इंचार्ज की मौत

बूंदी, (निसं)। बुधवार को विकास नगर स्थित एकेटी लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी के ब्रांच इंचार्ज की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ऑफिस में कार्यरत स्टाफ ने बताया कि 42 वर्षीय हरियाणा निवासी अमित शर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी में ब्रांच इंचार्ज है, वह आज किसी कार्य से ऑफिस से बाहर निकला और बाइक स्टार्ट कर कुछ दूर चलते ही अचेत होकर गिर गए। ऑफिस में कार्यरत स्टाफ उन्हें जिला अस्पताल लेकर आया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार प्रथम दृष्टया में मौत का कारण हृदय गति रुक जाना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बाकी खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है, परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल थाना क्षेत्र आर्मी गेट के सामने मंगलवार सांय ट्रक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल स्कूटी सवार बालाजी नगर गोवर्धन विलास निवासी धरीजसिंह (68) पुत्र भगवानसिंह गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर हेडकांस्टेबल तखतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। धीरजसिंह थेला चलाता था सांय वह स्कूटी पर शहर से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR

No.NIT/2025-26/29210-24 **निविदा सूचना /2025-26** Date:10.12.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

कार्य का विवरण	कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.)	निविदा सूचना संख्या
Construction of CC Road & Drain work in Bansera & Ganeta Village on Dudu-Chhan BOT Road. UBN: RRC2526WSOB00997	112.75 Lakh	अल्पकालीन ई-552/25-26
Misc. Development work Landscaping and Modular Kitchen work at JJB, Sirohi (TSP) UBN: RRC2526WSOB01000	17.30 Lakh	ई-554/25-26
Construction of CC Road work in Village Boraj on Chomu-Mahla Road. UBN: RRC2526WSOB01003	126.43 Lakh	अल्पकालीन ई-556/25-26
CC Road Construction of Jobner Mod on Jaipur-Jobner-Nagaur Road. UBN: RRC2526WSOB01004	61.98 Lakh	

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

कार्यालय नगरपालिका मण्डल अकलेरा

क्रमांकः न०पा०अ०/निर्माण/2025/1925 दिनांकः 04.12.2025

निविदा सूचना 08/2025-26

नगरपालिका अकलेरा में उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको एवं अन्य विभिन्न अभियांत्रिक विभागों के सम्बन्धित श्रेणी में "A ", "AA" श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 19.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकेंगे।

NIB Code: DLB2526A8912

UBN No: DLB2526WSOB26669, DLB2526WSOB26670, DLB2526WSOB26671, DLB2526WSOB26672, DLB2526WSOB26673, DLB2526WSOB26674, DLB2526WSOB26675

राज.संवाद/सी/25/15514 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)

npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346

क्रमांक :- न0पा0के0पा0/2025-26/3468-70 दिनांक :- 05.12.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 1, 2/2025-26

नगर पालिका के0पाटन द्वारा नगर पालिका केशावराय पाटन में वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए श्रमिक/मैनपावर आपूर्ति हेतु वार्षिक अनुबंध करने हेतु द्विलिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 05.12.2025 समय प्रातः 10.00 बजें से तथा अपलोड़ करने की दिनांक 15.12.2025 सायं 6.00 बजे तक निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

Sr.No.	UBN No.	Tender cost (in lac)
1	DLB2526SLOB26480	25.00
2	DLB2526SLOB26484	25.00
	Total	50.00

राज.संवाद/सी/25/15512 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका मण्डल झालरापाटन

क्रमांकः न०पा०झा०पा०/निर्माण/2025/3107 दिनांकः 04.12.2025

निविदा सूचना 07/2025-26

नगरपालिका झालरापाटन में उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको एवं अन्य विभिन्न अभियांत्रिक विभागों के सम्बन्धित श्रेणी में "A ", "AA" श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 18.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक ऑन लाईन प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकेंगे।

NIB Code: DLB2526A8896

UBN No: DLB2526WSOB26595, DLB2526WSOB26596, DLB2526WSOB26597, DLB2526WSOB26598, DLB2526WSOB26601, DLB2526WSOB26604, DLB2526WSOB26606, DLB2526WSOB26609, DLB2526WSOB26612, DLB2526WSOB26613, DLB2526WSOB26615, DLB2526WSOB26617, DLB2526WSOB26621, DLB2526GLOB26623

अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/25/15489 नगरपालिका झालरापाटन नगरपालिका झालरापाटन

हमला करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। विराटनगर थाना पुलिस ने राह चलते व्यक्ति पर धारदार हथियार से मारपीट करने वाले 3 माह से फरार एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि विराटनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 अगस्त 2025 को गोविंद गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता निवासी भामोद अपने घर से भाई की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में रोहिताश प्रजापत उर्फ छंगा पुत्र कन्हैयालाल कुम्हार उम्र 32 साल निवासी भामोद ने गोविंद के साथ गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियार से मारपीट की, जिस पर विराटनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ करते हुए विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अभियुक्त की गहनता से तलाशी करते हुए लगातार उसका पीछा करते हुए फरार चल रहे रोहिताश प्रजापत उर्फ छंगा पुत्र कन्हैयालाल कुम्हार निवासी भामोद को गिरफ्तार किया।

नकबजन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। वल्लभनगर थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर में हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार सोहनलाल पुत्र हीरा निवासी डागीखेड़ा ढुढीया वल्लभनगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि गांव में श्रीचामुण्डा माताजी का मंदिर है। दस वर्ष से मैं मंदिर के सेवा पूजा कर रहा हूं। 5 दिसंबर रात में आए चोर मंदिर में घुस कर दानपेटी का ताला तोड़ नकदी व माताजी की छोटी नथ चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने आरोपी प्रकाश पुत्र भगवतीलाल निवासी तालाब टुस डांगीया डबोक को गिरफ्तार किया।

बीकानेर में इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा

बीकानेर, (निसं)। पिछले चौबीस में न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होने से कड़ाके की सर्दी तो नहीं रही, लेकिन लूणकरणसर में पारा महज 4.8 पर आ गया है। ऐसे में शहर के बजाय गांवों में सर्दी ज्यादा है। दिसम्बर के पहले सप्ताह के बाद अब दूसरे सप्ताह में सर्दी का असर कम है। शहर में तो न्यूनतम पारा 10.5 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। पिछले चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा और शहर में 10.5 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। पिछले एक सप्ताह में बीकानेर में दिन का तापमान सामान्यतः 24 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा जबकि रात और सवेरे का न्यूनतम लगभग 10 डिग्री से से 13 डिग्री से. के दायरे में रहा। कुल मिलाकर सप्ताह भर ठंड बहुत ज़्यादा नहीं पड़ी, पर रातें ठंडी रही।

इस दिसंबर सीजन में जिले के कुछ हिस्सों में ज्यादा ठंड देखी गई। लूणकरणसर में 1 दिसंबर को न्यूनतम 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस सीजन के सबसे कम माना जा रहा है। आने वाले पांच दिनों में भी बीकानेर में कड़ाके की ठंड का अनुमान नहीं है अधिकतम तापमान जहां पच्चीस डिग्री सेल्सियस तक लुढक सकता है। संभावना जताई जा रही है बीकानेर शहर में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से अधिक ही रहेगा।

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम जोधपुर

क्रमांक-13602 दिनांक-05.12.2025

निविदा सूचना संख्या-30 वर्ष 2025-26

NIB NO. PWD2526A4614

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जालोर एवं सिरोही जिलों में विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु कन्सलटेन्सी कार्यो के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में तीन कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

1. PWD2526SLOB18335 2. PWD2526SLOB18336 3. PWD2526SLOB18337

(नेमी चन्द शर्मा) अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/18153/2025

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति औसिया-मथानिया, जोधपुर

पता : विवंरी रोड़ औसिया जोधपुर - 342303, ई-मेल : kums.osian@rajasthan.gov.in, दूरभाष:- 02922274364

क्रमांक :- प.( )कृ.उ.म.स./लेखा/2025-26/राजकाज 19268250 दिनांक :- 08/12/2025

Notice Inviting Bid (NIB 04/2025-26)

E-Bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer up to 11.30 A.M. of 23.12.2025 for procurement of NIR Grain Analyser/ Oil Testing Machine on Tender on behalf of office of the Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti Osian-mathaniya Osian-mathaniya. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti Osian-mathaniya or State Public Procurement Portal website sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in or website www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in. The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/- (1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favor of Secretary Krishi Upaj Mandi Samiti Osian-mathaniya payable at Osian-mathaniya Details of bid are following:-

Sr.	Bid Title	UBN No.
1	NIR Grain Analyzer/ Oil Testing Machine	DAM2526GLOB01069

Raj.Samwad/C/25/15453 Secretary

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में श्रम सेवा आपूर्ति हेतु निविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन GSU2526GLRC00050 हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/15446 वित्त नियंत्रक

कार्यालय नगरपालिका मण्डल जोबनेर, जिला-जयपुर

क्रमांक/न.पा.जो./2025-26 /2611 दिनांक 04.12.2025

निविदा सूचना

उपयुक्त श्रेणी कि सभी पंजीकृत ठेकेदारों को सुचित किया जाता है कि नगर पालिका जोबनेर द्वारा कुल 2 कार्यो की आमंत्रित निविदा सम्बंधित शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in and eprocrajasthan से एंव कार्य दिवस में कार्यालय समय में पालिका कार्यालय से देखा व प्राप्त किया जा सकता है। निविदा कार्यो के युबीएन नम्बर निम्न प्रकार है :- 1. DLB2526WSOB26393, DLB2526WSOB26403

राज.संवाद/सी/25/15499 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/10427 दिनांकः- 04.12.2025

Notice Inviting Bid

Bid for 12 Work is invited from interested bidders upto 15.12-2025, 01.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)

NIB Code – DLB2526A8759

UBN Code – (DLB2526WSRC26266), (DLB2526WSRC26269), (DLB2526WSRC26270), (DLB2526WSRC26274), (DLB2526WSRC26275), (DLB2526WSRC26277), (DLB2526WSRC26278), (DLB2526WSRC26279), (DLB2526WSRC26281), (DLB2526WSRC26282), (DLB2526WSRC26285), (DLB2526WSRC26286)

राज.संवाद/सी/25/15494 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर निगम जयपुर

हवामहल के पीछे, पुराना पुलिस मुख्यालय, बडी चौपड, जयपुर

क्रमांक :- जसअ/2025/324 दिनांकः 04.12.2025

ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 20-21/2025-26

नगर निगम के कार्यो हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2526WSOB02126 to JMC2526WSOB02127 देखी जा सकती है।

उपायुक्त (गैराज) नगर निगम जयपुर

राज.संवाद/सी/25/15400

Office of The Executive Engineer, Watershed Development & Soil Conservation, Raniwara

E-Mail ID- piawcdc.raniwada@rajasthan.gov.in

File No. ()/MJSA-2/P-1/2025-26/167 Date: 04.12.2025

NOTICE INVITING BID

NIB NO. 01 YEAR 2025-26

Bids for MJSA 2.0 Phase I NRM works (Rooftop Tanka and Tanka may agore) of estimated value INR 17.10 Lacs are invited from interested bidders up to 3.00 PM 15.12.2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc). UBN - WSC2526WSRC01979, NIB-WSC2526A1127

(Ankit Kumar) Executive Engineer Watershed Development & Soil Conservation, Raniwara (Jalore)

DIPR/C/18118/2025

छप्पर में आग लगने से दो बालिकाएं जिंदा जली

बौंली/बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत पीपलवाड़ा गांव में मंगलवार को देर रात्रि में विद्युत शार्ट सर्किट से छप्पर में भीषण आग लग गई, आग लगने से दो बालिकाएं जिंदा जल गई। वहीं 15 मवेशी झुलस गए।

मलारना डूंगर थाना प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि छप्पर में आग लगने से प्रिया नायक (14) व पूजा नायक (8) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मलारना डूंगर थाना अंतर्गत पीपलवाड़ा गांव का निवासी रमेश नायक देवनारायण भगवान के फड पढ़ने का काम करता है। वह अपनी पत्नी के साथ गंगापुर सिटी में किसी धार्मिक कार्यक्रम में गया हुआ था। इसी दौरान मंगलवार देर रात्रि को विद्युत शार्ट सर्किट से कच्चे छप्पर पोश घर में आग लग गई, घटना के समय दोनों बहनों के दादा रामजीलाल व दादी रामेश्वरी घर के बाहर सो रहे थे।

आग लगते ही दोनों बहनें चिल्लाने लगी, चिल्लाहट व आग की लपटें देखकर दोनों नींद से जागे एवं अपने दो पुत्रों कमलेश व छोटिया जो की पास में ही रहते थे, आवाज देकर बुलाया एवं सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों बहनें 90 प्रतिशत जल चुकी थी, परिजन उन्हें लेकर मलारना डूंगर चिकित्सालय पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर अमन कुमार ने बताया कि आग के कारण बच्चियों के पैर में जीभ तक पिघल गई एवं आग की गर्मी से जीभ का हिस्सा जलकर मुंह के बाहर निकल गया। रमेश नायक के चार बच्चियों व दो लड़के हैं। प्रिया तीसरे नंबर की व पूजा पांचवें संतान थी, आग लगने से छप्पर पोश में बंधी 15 बकरियां भी जलकर मर गई। बुधवार को हल्का पटवारी एवं प्रशासन ने आगजनी घटनास्थल का मौका मुआयना किया एवं शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

छह साल के बालक की डूबने से मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। भीलवाड़ा में पानी की कुंडी में छह साल के बालक की डूबने से मौत का बड़ा ममला सामने आया है। घटना शहर स्थित कृषि उपज मंडी के पानी की कुंडी में हुई है। बताया जा रहा है कि ये बालक हार्दिक पिता बबलू राजपूत आरके कॉलोनी में रहता है। हार्दिक के माता- पिता दोनों ही कृषि उपज मंडी में राठी ब्रदर्स नामक दुकान पर काम किया करते थे। इस दौरान बालक हार्दिक मंडी स्थित पानी की कुंडी में गिर गया। इसकी जानकारी जब तक मिलती तब तक मासूम की सांसें उखड़ चुकी थी। माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट गया। बताया जा रहा है कि पिता बबलू राजपूत मूल रूप से यू पी का रहने वाला है जो भीलवाड़ा के कृषि उपज मंडी में पत्नी के साथ काम किया करता था।

वृद्धा और उसके नाती की हत्या मामले में आरोपी दामाद व साथी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए गहने भी बरामद किये

- सास गंगाराम की पत्नी को एक माह से ससुराल नहीं भेज रही थी, इसलिए उसने दोस्त के साथ मिलकर वारदात कर दी

उदयपुर, (कासं)। सलूंबर जिले की सेमारी थाना पुलिस ने मकान के बरामदे में सोती बुजुर्ग महिला गौरी और उसके नाती सुरेश की हत्या व लूट के मामले में आरोपी दामाद व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूटे गए गहने भी बरामद किये हैं।

थानाधिकारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि मामले में मृतका के दामाद गंगाराम मीणा निवासी सिपुरा भागल और उसके साथी बबलू मीणा निवासी मल्लाडा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सास गंगाराम की पत्नी को एक माह से ससुराल नहीं भेज रही थी, इसलिए उसने दोस्त बबलू मीणा के साथ मिलकर वारदात कर दी। बच्चे को इसलिए माराए क्योंकि उसने देख लिया था। साथ ही जेवर इसलिए लूटे, ताकि पुलिस इसे लूट की घटना समझे और दामाद पर शक नहीं हो। पुलिस ने आरोपी से लूटे हुए चांदी के कडे, सोने की डूडी और नथ बरामद कर ली है।

घटना 5 दिसंबर रात 11 बजे की है। जब रात को मृतका का परिवार भतीजे देवीलाल के घर सत्संग में गया था। सास गौरी और नाती सुरेश बरामदे में खाट पर सो रहे थे।

उन्हें अकेला देखकर दामाद गंगाराम घर में घुसा। उसने साथी बबलू के साथ गौरी (65) और मासूम सुरेश (5) पर पहले लट्ठ से वार किया। फिर कुल्हाडी से चोटें पहुंचाई। थानाधिकारी ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि हत्या के तुरंत बाद वे भागकर जंगल में छिप गए थे। इस डर को दूर करने के लिए दोनों ने शराब पी थी। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी गंगाराम स्वभाव से शुरू से ही आक्रामक रहा है। ऐसे में पुलिस ने शुरुआती जांच में ही उसे संदिग्ध माना और पूछताछ की।

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण

भू-तल, पर्यटन भवन, संजय मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने), खासा कोठी, जयपुर-302001, Tel:-0141-2615648/40, E-Mail : rhppa.jaipur@gmail.com

ई-निविदा सूचना संख्या 25/2025-26

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Upgradation, augmentation and development of heritage corridor / Parikrama Marg, Poonchari Ka Lautha temple, Shri Narsingh Ji temple, Apsara kund, other miscellaneous temples and allied works at village Poonchari, district Deeg in the state of Rajasthan under CSR activity funded by Hindustan Zinc Limited. UBN is HPP2526WLOB00032	6714.78 Lakh	15 Months

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/25/15362 मुख्य कार्यकारी अधिकारी

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड जालोर

क्रमांक-अअ/जा/2025-26/3048 दिनांक-05.12.2025

निविदा सूचना संख्या- 19 वर्ष 2025-26

NIB NO. PWD2526A4612

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में कुल 8 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 182.00 लाख है अतः उक्त कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख	11 दिसम्बर 2025 प्रात 10.00 बजे से 23 दिसम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB NO.

UBN NO. 1. PWD2526WSOB18332, 2. PWD2526WSOB18333, 3. PWD2526WSOB18334, 4. PWD2526WSOB18338, 5. PWD2526WSOB18341, 6. PWD2526WSOB18344, 7. PWD2526WSOB18346, 8. PWD2526WSOB18347

(शंकर लाल) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड जालोर मोबाईल-9983975907

DIPR/C/18204/2025